मेरे गुरु ही गोविन्द है दूसरा ना कोई

मेरे गुरु ही गोविन्द है,
दूसरा ना कोई,
मेरे संत ही भगवंत है,
दूसरा ना कोई।bd।

करता करे ना कर सके,
गुरु किए सब होय,
सात द्वीप नवखण्ड में,
गुरु से बड़ा ना कोय,
मेरे गुरु ही गोविंद है,
दूसरा ना कोई,
मेरे संत ही भगवंत है,
दूसरा ना कोई।bd।

प्याला प्रभु के प्रेम का,
गुरु ने दियो पिवाय,
पी करके मस्ती चढ़ी,
आनंद उर ना समाय,
मेरे गुरु ही गोविंद है,
दूसरा ना कोई,
मेरे संत ही भगवंत है,
दूसरा ना कोई।bd।

गुरु गुरु गोविन्द गुरु,
गोविन्द गुरु गोविन्द,
गुरु गोविन्द दोऊ एक है,
गुरु में दरसे गोविन्द,
मेरे गुरु ही गोविंद है,
दूसरा ना कोई,
मेरे संत ही भगवंत है,
दूसरा ना कोई।bd।

मेरे गुरु ही गोविन्द है,
दूसरा ना कोई,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे संत ही भगवंत है,
दूसरा ना कोई।bd।

स्वर – श्री चित्र विचित्र बिहारी दास जी महाराज।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com